प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

******************

राज्य में 48 नगर निकायों के लिए नामांकन का दौर अब से थोड़ी देर बाद अपराह्न तीन बजे समाप्त हो जाएगा। ऐसे में आज महापौर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षद के पदों के लिए बड़ी संख्या में प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ पर्चा दाखिल करने पहुंच रहे हैं। रांची से रौशनी खलखो, हजारीबाग से सुदेश चंद्रवंशी, धनबाद से संजीव अग्रवाल ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रुप में नामांकन किया। वहीं कांग्रेस और झामुमो समर्थित कई प्रत्याशियों द्वारा भी अपने–अपने निकाय क्षेत्र में नामांकन किया जा रहा है।

******************

झारखंड हाई कोर्ट ने रांची के प्रमुख जलाशयों कांके, धुर्वा और गेतलसूद डैम के संरक्षण को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रशासन से स्पष्ट जवाब मांगा है। अदालत ने रांची उपायुक्त से शपथ पत्र के माध्यम से पूछा है कि इन डैमों के लिए कुल कितनी जमीन अधिग्रहित की गई थी और वर्तमान में कितने हिस्से पर अवैध कब्जा है। कोर्ट ने यह भी जानना चाहा है कि क्या इन जलाशयों का कोई आधिकारिक सर्वे पहले कराया गया था।

******************

राज्य में धान अधिप्राप्ति को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर पलटवार करते हुए खाद्य आपूर्ति मंत्री डा. इरफान अंसारी ने स्पष्ट किया है कि वे लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

गौरतलब है कि नेता प्रतिपक्ष ने कल आरोप लगाया था कि सरकार ने 60 लाख क्विंटल का लक्ष्य रखा था, लेकिन 3 फरवरी तक केवल 19 लाख 80 हजार क्विंटल धान ही खरीदा गया है।

******************

जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो ने आज राज्यपाल संतोष कुमार गांगवार से मुलाकात कर 14वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की आयु सीमा में छूट की मांग की है। पिछली परीक्षाओं में कट–ऑफ 2017 थी, इसलिए छात्र इसे अब 1 अगस्त 2018 करने की मांग कर रहे हैं ताकि अनुभवी अभ्यर्थी बाहर न हों। श्री महतो का कहना है कि परीक्षाओं में वर्षों की देरी के कारण कई योग्य छात्र ओवरएज हो रहे हैं।

******************

हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के खिरगांव मोहल्ले से मोबाइल छिनतई में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि इनके पास से छिनतई के 19 मोबाइल फोन और एक स्कूटी तथा एक मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है।

******************

गोड्डा पुलिस ने मेहरमा के अमजोरा पिरोजपुर में छापेमारी कर दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से आठ किलो से ज्यादा गांजा और एक बाइक बरामद हुई। एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद के अनुसार, दोनों के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं।

******************

आज विश्व कैंसर दिवस है। यह दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान तथा उपचार को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि यह दिन कैंसर से ठीक हुए लोगों की सहायता करने और एक स्वस्थ समाज के लिए नियमित जांच को बढ़ावा देने का अवसर देता है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने बताया कि हर जिले में कैंसर डे केयर यूनिट्स की स्थापना और आवश्यक कैंसर दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

******************

इधर झारखंड में भी कैंसर दिवस पर व्यापक जागरूकता अभियान और स्वास्थ्य शिविर चलाए जा रहे हैं। रांची के सदर अस्पताल के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. गुंजेश सिंह ने बताया कि कैंसर के लक्षणों की समय पर पहचान और समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए हैं। इसके अलावा शहर के विभिन्न केंद्रों जैसे रांची कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र और अन्य निजी अस्पतालों में निःशुल्क ओपीडी परामर्श, स्क्रीनिंग  और जागरूकता रैलियां आयोजित की जा रही हैं।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में उत्पाद अधीक्षक क्षितिज विजय मिंज के नेतृत्व में विभिन्न इलाकों में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध शराब की बड़ी खेप के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

*******************